राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

मासिक रिपोर्ट – जून 2021

एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** कुल 23,675 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। शेष (1,26,325) मीटर स्थापना कार्य प्रगति पर हैं।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** कुल 9,443 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए। शेष (20,000) मीटर स्थापना कार्य प्रगति पर हैं।
3. **CED, चण्डीगढ़ (संपूर्ण शहर सब डिवीजन 5 को छोडकर):** पूर्ण चंडीगढ़ शहर में 'AMI'/स्मार्ट मीटरिंग हेतु संशोधित मंजूरी विद्युत मंत्रालय में सहमति/अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में निम्न बैठकें आयोजित हुई :
   - 1 जून 2021 को संपूर्ण चंडीगढ़ (सब डिवीजन 5 को छोड़कर) में स्मार्ट मीटरिंग/'AMI' परियोजना।
   - 7 जून 2021 को NSGM की सशक्त समिति की छठी बैठक।
   - 14 जून 2021 को स्मार्ट मीटरिंग/स्मार्ट ग्रिड परियोजनाओं का लागत लाभ विश्लेषण (CBA)।
   - 16 जून 2021 को राज्यों में 'EESL' द्वारा स्मार्ट मीटरों की स्थापन प्रगति।
2. निदेशक NPMU ने निम्न बैठकों /कार्यशाला में भाग लिया:
   - 18 जून 2021 को 'AI' और 'बिग डेटा' पर द्रष्टि के साथ नया इनक्यूबेटर स्थापित करने पर विद्युत मंत्रालय के साथ 'DPIIT' कार्यशाला।
   - 23 जून 2021 को स्टोरेज के साथ स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम पर US-भारत सहयोग - (UI-ASSIST) प्रोजेक्ट की समीक्षा (वर्चुअल)।
   - 25 जून को डिजिटल, मांग संचालित बिजली नेटवर्क (3DEN) पहल सलाहकार समूह की बैठक।
3. 11 जून 2021 को विद्युत ऊर्जा डेटा और संबंधित गतिविधियों के लिए मानकीकृत 'API' विकास के लिए समय सीमा के संबंध में IIT हैदराबाद के साथ बैठक हुई।
4. 21 और 22 जून 2021 को तेलंगाना और त्रिपुरा के पायलट परियोजनाओं की समापन के संबंध में तेलंगाना और त्रिपुरा के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।
5. संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में परियोजनाओं के कार्यान्वयन, मानक बोली दस्तावेजों में बदलाव, आर एंड आर, स्मार्ट प्री-पेड मीटरिंग पहल के संबंध में कानूनी ढांचा और डिस्कॉम द्वारा ऊर्जा लेखांकन आदि पर 'MIS' प्रारूपों को अंतिम रूप देने के लिए कई हितधारकों जैसे BEE, REC/RECPDCL, PFC, CEA के साथ बैठकें योजित की गईं।
6. 25 जून 2021 को 'NSGM' योजना को 2026 तक विस्तार अनुमोदन के लिए 8 दिसंबर 2020 के 'DoE' के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार संशोधित प्रारूप में विद्युत मंत्रालय को 'EFC' प्रस्तुत किया गया।
7. 28 जून 2021 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में राज्यों में 'EESL' द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापन की प्रगति पर समीक्षा बैठक हुई।
8. 29 और 30 जून 2021 को NPMU टीम ने RECPDCL टीम के साथ लागत लाभ विश्लेषण ('CBA') हेतु नरोदा स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजना पर अधिक जानकारी के लिए UGVCL, गुजरात का दौरा किया।

(अरुण कुमार मिश्र)
निदेशक, एनपीमयू
dir.npmu.nsgm@gov.in